पद्मा शर्मा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कथक

PADMA SHARMA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kathak

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 सितंबर 1938 को जन्मी, श्रीमती पद्मा शर्मा ने लच्छू महाराज, मोहन राव कल्लनपुरकर, शंभू महाराज, बिरजू महाराज और सुंदर प्रसाद जैसे गुरुओं के मार्गदर्शन में लखनऊ और जयपुर दोनों घरानों के कथक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने सन् 1959 में भातखंडे संगीत महाविद्यालय से कथक में नृत्य निपुण की उपाधि अर्जित की थी। आपने एस. एन. रतनजनकर के मार्गदर्शन में भातखंडे संगीत महाविद्यालय से गायन मध्यमा भी किया है। आप लखनऊ विश्वविद्यालय से कला स्नातक हैं।

मुंबई स्थित ललित कला एजुकेशन ट्रस्ट में आपने नृत्य गुरु और कोरियोग्राफर के रूप में काम किया है। आपने मुंबई के वल्लभ संगीत विद्यालय के नृत्य विभाग के प्रमुख के रूप में भी काम किया है और अमारा नृत्य कला हंस प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और संरक्षक भी आप हैं। आप सुर सिंगार संसद शासी निकाय की सदस्य, इंदिरा कथक केंद्र के निदेशक, और इंग्लैंड की इंपीरियल सोसाइटी ऑफ टीचर्स ऑफ डांसिंग के कथक पाठ्यक्रम की सलाहकार सदस्य रही हैं। आप कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के नृत्य अध्ययन बोर्ड की सदस्य भी हैं। आपने कथक वर्णमाला जैसी कई किताबें भी लिखी हैं। आप तीसरी कसम, पाकीजा जैसी फिल्मों में लच्छू महाराज की साहयक रहीं और श्याम बेनेगल निर्देशित भारत एक खोज श्रृंखला के लिए भी कोरियोग्राफी की है।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती पद्मा शर्मा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 24 September 1938 in Lucknow (U.P.), Shrimati Padma Sharma trained in Kathak in both the Lucknow and Jaipur gharanas under the tutelage of Lacchu Maharaj, Mohan Rao Kallanpurkar, Shambhu Maharaj, Birju Maharaj and Sundar Prasad. She obtained her Nritya Nipun in Kathak from the Bhatkhande Sangeet Mahavidyalalya in 1959. She also did a Vocal Madhyama from Bhatkhande Sangeet Mahavidyalaya under the guidance of S.N. Ratanjankar. She has a Bachelor of Arts degree from Lucknow University.

Shrimati Sharma had been appointed as a teacher and choreographer at the Lalit Kala Education Trust in Mumbai. She has also served as the head of the Department of Dance in the Vallabh Sangeet Vidyalaya in Mumbai and is also the founder and mentor of the Amara Nritya Kala Hansa Pvt. Ltd. She has served as a member of the governing body of the Sur Singar Samsad. She has served as the Director of the Indira Kathak Kendra; and has been an advisory member for the Kathak syllabus of the Imperial Society of Teachers of Dancing, UK. She is also the member of the Board of Studies of Dance for the Kavi Kulaguru Kalidas Sanskrit University. She has authored several books such as *Kathak Varnmala*. She has also assisted Lacchu Maharaj in films like *Teesri Kasam*, *Pakeeza*, and also did choreography for the *Bharat Ek Khoj* series directed by Shyam Benegal.

Shrimati Padma Sharma receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Kathak dance.